दिन– शुक्रवार दिनांक– 16 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा आज से हो रही है शुरू। बेतिया में एक सौ बयासी करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास।

02. प्रदेश में छब्बीस जनवरी से इकतीस मार्च तक चलेगा भूमि मापी महाअभियान। अविवादित जमीन की मापी सात दिन और विवादित जमीन की मापी ग्यारह दिनों में की जायेगी पूरी।

03. राज्य सरकार ने कहा– राजस्व महाअभियान के दौरान परिमार्जन प्लस के तहत किसानों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जायेगा।

04. और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा आज से शुरू हो रही है। यह यात्रा पश्चिम चम्पारण जिले से शुरू होगी। समृद्धि यात्रा का पहला चरण चौबीस जनवरी तक चलेगा। पहले चरण में मुख्यमंत्री पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले का भी दौरा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे और आम लोगों के साथ संवाद करेंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस यात्रा से राज्य के विकास को एक नई रफ्तार मिलेगी।

———बाइट———

हमारे बेतिया संवाददाता ने बताया कि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री एक सौ बयासी करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

———बाइट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के क्रम में जिले में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार 153 करोड़ की लागत वाली 125 योजनाओं का शिलान्यास और 29 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 36 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वे जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से बेतिया के रमना मैदान में लगाए जा रहे किसान मेला–सह–यांत्रिकीकरण प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री आम लोगों के साथ संवाद करेंगे और कुमारबाग आद्यौगिक क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इधर, समृद्धि यात्रा को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

———————————————————

प्रदेश में छब्बीस जनवरी से इकतीस मार्च तक भूमि मापी महाअभियान चलेगा। अविवादित जमीन की मापी सात दिन और विवादित जमीन की मापी ग्यारह दिनों में

पूरी कर ली जायेगी। अमीन भूमि मापी रिपोर्ट चौदह दिनों में पोर्टल पर अपलोड करेंगे। उप मुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि जिलों में जन सुनवाई के दौरान मापी से संबंधित शिकायतों को देखते हुये भूमि मापी महाअभियान चलाने का फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि मापी के लिए भूमि–ई मापी पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करना होगा। श्री सिन्हा ने कहा कि नई व्यवस्था से भूमि सीमांकन से जुड़े विवादों में कमी आयेगी।

———बाईट———

————————————————————————

राजस्व महाअभियान के दौरान परिमार्जन प्लस के तहत किसानों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जायेगा। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने बताया कि वर्तमान में संचालित एग्री स्टैक महाअभियान के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जमाबंदी अद्यतन नहीं होने के कारण किसानों को फार्मर आईडी बनाने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुये परिमार्जन प्लस में प्राप्त ऐसे सभी आवेदन, जिनका संबंध किसानों और एग्री स्टैक से है, उनका निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करने का फैसला किया गया है।

————————————————————————

पटना के मसौढ़ी में पदस्थापित राजस्व कर्मी राजा कुमार को भ्रष्टाचार के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने बताया कि बर्खास्त कर्मी को निगरानी की टीम ने घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। साथ ही उसपर भ्रष्टाचार के कई अन्य मामले भी थे।

————————————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू होगा। यह सत्र सत्ताईस फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां विधानमंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संबोधित करेंगे। इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश होगा और राज्यपाल द्वारा स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति सदन पटल पर रखी जायेगी। सत्र के दूसरे दिन तीन फरवरी को वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश होगा। इसी दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। पांच फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सरकार का उत्तर होगा। छह फरवरी को राज्य सरकार के बजट पर सामान्य चर्चा और नौ फरवरी को इस पर सरकार का उत्तर होगा। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत बिहार को पुरानी व्यवस्था के माध्यम से ही बकाया राशि देने का फैसला किया है। योजना के तहत राज्य

सरकार ने केन्द्र से चार हजार पांच सौ करोड़ रूपये की मांग की है। यह राशि मिलने से नौ लाख से अधिक परिवार लाभान्वित होंगे।

———————————————————————

सात निश्चय तीन के तहत ग्यारह जिला अस्पतालों और एक सौ अस्सी प्रखंड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रसूति शल्य कक्षों को विशिष्ट चिकित्सा केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंडल पांडेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसका उद्‌देश्य मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करना है।

———————————————————————

होली पर देश के अलग–अलग हिस्सों से बिहार के लिए दो सौ विशेष बसों का परिचालन किया जायेगा। ये बसें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और झारखंड के प्रमुख मार्गों पर चलेंगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन बसों का संचालन पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप मोड में किया जायेगा। यात्री निगम की वेबसाईट से ऑनलाईन टिकट बुक कर सकेंगे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री भारत के जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। इस अवसर पर स्टार्टअप प्रतिनिधि अपने उद्यमशीलता के सफर से जुड़े अनुभव भी साझा करेंगे। एक रिपोर्ट.....

———रिपोर्ट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पश्चिम बंगाल के हावड़ा और असम के कामाख्या को जोड़ने वाली देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस सहित कई नई रेलगाड़ियों को झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इन ट्रेनों से बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच यात्रियों का आवागमन संपर्क बेहतर होगा।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर के बोचहां प्रखंड के ककराचक की रहने वाली सोलर दीदी के नाम से प्रसिद्ध देवकी देवी को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति भवन से निमंत्रण मिला है। पिछले वर्ष अगस्त महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उनके कामों की चर्चा की थी। राष्ट्रपति भवन से निमंत्रण पत्र मिलने से देवकी देवी और उनका पूरा परिवार काफी उत्साहित है।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में कमी आई है। धूप निकलने और सर्द पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से कनकनी का एहसास भी कम हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी।

———————————————————————

कर्नाटक के मैसूर जिले के हुनासुर में एक आभूषण दुकान से दस करोड़ रूपये मूल्य के सोना लूट मामले में पुलिस ने नवगछिया और दरभंगा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, राजस्थान के जयपुर के बजाज नगर में एक व्यापारी के घर से बावन लाख रूपये से अधिक चोरी के मामले में राजस्थान पुलिस ने बांका जिले के बेलहर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी के रूपये भी बरामद कर लिये गये हैं।

———————————————————————

गयाजी में दो कारोबारियों से दो करोड़ रूपये से अधिक की राशि की साईबर ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में दोनों व्यापारियों ने साईबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जंक्शन पर कर्मभूमि एक्सप्रेस में आरपीएफ ने छापेमारी कर उन्नीस किशोरों को मुक्त कराया है। इस मामले में छह मानव तस्करों की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के ताजपुर से चोरी के शक में हिरासत में लिये गये एक युवक को बेरहमी से पीटने के आरोप में थानाध्यक्ष, आईओ और एक सिपाही को निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

सुपौल जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र के श्रीपुर पंचायत में छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला एएसआई गम्भीर रूप से घायल हो गयीं। इस मामले में सोलह नामजद सहित एक दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई गयी है।

———————————————————————

एनआईए ने प्रतिबंधित सीपीआई, माओवादी के सदस्य चंदन कुमार को मुम्बई से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली जहानाबाद जिले के रहने वाला है।

---

आरा की मोनी चौधरी ने अफ्रीका की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट किलिमंजारों को फतह कर लिया है। इससे पहले भी मोनी ने कई पर्वतारोहण और ट्रैकिंग अभियानों को पूरा किया है।

तमिलनाडु में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में तिलका मांझी विश्वविद्यालय भागलपुर का शानदार प्रदर्शन जारी है। कल खेले गये लीग मुकाबले में विश्वविद्यालय की टीम ने मणिपुर विश्वविद्यालय की टीम को पराजित किया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राज्य में छब्बीस से भूमि मापी महाअभियान चलेगा।

प्रभात खबर ने लिखा है– सीएम आज से समृद्धि यात्रा पर। बेतिया से शुरूआत, देंगे एक सौ बयासी करोड़ की सौगात।

दैनिक जागरण ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है–बिहार से पेट्रोलियम उत्पादों का सर्वाधिक निर्यात, मांस और मक्के की भी विदेशों में मांग।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– बिहार में उद्योगपतियों के लिए सिंगल विंडो व्यवस्था।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– यूपीआई से वैक्सीन तक भारत की मजबूत मौजूदगी :पीएम मोदी।

आज अखबार की सुर्खी है– मध्याह्न भोजन का पायलट प्रोजेक्ट बंद।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा आज से हो रही है शुरू। बेतिया में एक सौ बयासी करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्‌घाटन और शिलान्यास।

02. प्रदेश में छब्बीस जनवरी से इकतीस मार्च तक चलेगा भूमि मापी महाअभियान। अविवादित जमीन की मापी सात दिन और विवादित जमीन की मापी ग्यारह दिनों में की जायेगी पूरी।

03. राज्य सरकार ने कहा– राजस्व महाअभियान के दौरान परिमार्जन प्लस के तहत किसानों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जायेगा।

04. और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।